कानून-व्यवस्था उत्तम हो, क्योंकि उत्तम कानून-व्यवस्था की बुनियाद पर विकास का माहौल बनता है। सरकार का मानना है कि, समाज में आर्थिक एवं सामाजिक समरसता लाये बगैर कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली घटनाओं को पूरी तरह से नहीं रोका जा सकता। इसलिए मेरी सरकार सामाजिक एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, अमन-चैन और त्वरित विकास के साथ-साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं की ओर पूरा ध्यान दे रही है।

मेरी सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कृत संकल्प है। सरकारी सेवाओं को निर्धारित समय में जनता को सुलभ कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक व्यवस्था को जवाबदेह बनाने के लिए मेरी सरकार ने प्रदेश में जनहित गारण्टी कानून लागू किया है। इस कानून के दायरे में जनहित की ऐसी सेवाओं को सबसे पहले चिन्हित किया है, जिनकी सबसे ज्यादा जरूरत समाज के कमजोर और गरीब वर्गों के लोगों को दिन-प्रतिदिन होती है। इस कानून के प्रभावी हो जाने से अब सेवाओं की निर्धारित अवधि में उपलब्धता सुनिश्चित होगी और विचलन की दशा में अर्थदण्ड लगाये जाने की व्यवस्था की गयी है।

भूमि अधिग्रहण के मामलों में परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना हेतु प्रत्येक प्रभावित किसान को प्रतिकर के अतिरिक्त 33 वर्ष के लिये रुपया 20,000 प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से वार्षिकी दिये जाने एवं उक्त वार्षिकी में प्रति वर्ष 600 रुपये की निश्चित दर से वृद्धि किये जाने का प्रावधान लागू किया गया है।

प्रदेश में गन्ना किसानों की खुशहाली में वृद्धि लाने के लिए गन्ने की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता में वृद्धि करने तथा उन्हें उनकी उपज का लाभकारी मूल्य प्रदान करने एवं चीनी मिलों के साथ सामन्जस्य स्थापित कर इस उद्योग के निरन्तर विकास के लिये सरकार दृढ़ संकल्प है। पेराई सत्र 2009-10 में गन्ने के राज्य परामर्शित मूल्य में 25.00 रुपये प्रति कुन्तल की वृद्धि की गयी थी, वहीं वर्तमान पेराई सत्र 2010-11 में 40.00 रुपये प्रति कुन्तल की ऐतिहासिक व अभूतपूर्व वृद्धि की गयी है।

प्रदेश के बुन्देलखण्ड व पूर्वांचल क्षेत्र के पिछड़ेपन तथा सुविधाओं के अभाव की पूर्ति हेतु केन्द्र सरकार से अस्सी हजार करोड़ के विशेष आर्थिक पैकेज की मांग के प्रति केन्द्र द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है और न ही अभी तक कोई विशेष मदद उपलब्ध कराई गयी है।

केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय योजनाओं में राज्य को प्राप्त होने वाली सहायता पूर्णरूपेण उपलब्ध नहीं करायी जाती। केन्द्र द्वारा एक नयी परम्परा शुरू की गयी है जिसमें वित्तीय वर्ष के अन्त में धनराशि अवमुक्त की जाती है, इससे एक ओर जहां विकास कार्यों में विलम्ब होता है वहीं वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर राज्यों के पास मजबूरीवश धनराशि अप्रयुक्त रह जाती है, जिसके बराबर अगले वर्ष उपलब्ध होने वाली सहायता में कटौती कर ली जाती है।

केन्द्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से राज्यों पर अतिरिक्त व्यय भार आ रहा है, इससे राज्यों की आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस सन्दर्भ में पिछड़ा वर्ग की

छात्रवृत्ति के रूप में ही लगभग दो हजार करोड़ से अधिक की धनराशि की देयता भारत सरकार पर है लेकिन निरन्तर अनुस्मरण कराने के उपरान्त भी राज्य को धनराशि की प्रतिपूर्ति नहीं की गयी।

भारत का संविधान में निहित नीति निर्देशक सिद्धान्तों के अनुरूप मेरी सरकार द्वारा समाज के असहाय, शोषित एवं सुविधा विहीन, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, धार्मिक अल्पसंख्यकों तथा महिलाओं सहित अन्य कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही हैं।

मेरी सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण को तरजीह देते हुए इनकी खुशहाली और उन्नति के सपनों को साकार किया है। सरकार द्वारा **उत्तर प्रदेश मुख्य मंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना** प्रारम्भ की गयी है। योजना में हर गरीब परिवार को जिन्हें अभी तक सस्ती दर पर खाद्यान्न और किसी प्रकार की पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, उन सभी गरीब परिवारों की महिला मुखिया को प्रतिमाह 400 रुपये की दर से धनराशि दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। वर्ष 2010-11 में 31 लाख परिवारों को आच्छादित किया जायेगा।

सरकार द्वारा इसके साथ ही गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए **सावित्री बाई फुले बालिका शिक्षा मदद योजना** कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना में प्रोत्साहन राशि के साथ ही एक साइकिल भी उपलब्ध करायी जा रही है। बालकों के सापेक्ष बालिकाओं के घटते अनुपात और भ्रूण हत्या रोकने तथा बालिकाओं को सम्मानजनक/आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से **महामाया गरीब बालिका आशीर्वाद योजना** कार्यान्वित की जा रही है। योजना में बालिका के जन्म पर एक मुश्त धनराशि 18 वर्ष की सावधि जमा के रूप में दी जाती है ताकि 18 वर्ष बाद एक लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध हो जाये। योजना के प्रारम्भ से लेकर अब तक 2,57,075 बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है, जिसमें 533.41 करोड़ रुपये की धनराशि के सावधि जमा-पत्र उपलब्ध कराये गये हैं।

शहरी क्षेत्रों में निराश्रित विधवाओं, विकलांगजनों एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराये जाने हेतु **मान्यवर श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना** कार्यान्वित की जा रही है। योजना के प्रथम चरण में 99 हजार आवास इकाइयों का निर्माण कार्य कराया गया है और द्वितीय चरण में 42,489 आवास इकाइयों का निर्माण कराया जा रहा है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता एवं समयशीलता लाने हेतु कम्प्यूटराइजेशन किया गया है। वर्ष 2010-11 में लगभग 01 करोड़ 70 लाख छात्रों को योजना से लाभान्वित किया गया है। इसी प्रकार वृद्धावस्था/किसान पेंशन वितरण प्रणाली को पूर्ण पारदर्शी बनाते हुए वर्ष 2010-11 में 38,46,184 वृद्धजनों को लाभान्वित किया जा रहा है।

पति की मृत्युपरान्त 35 वर्ष से कम आयु की महिला से विवाह करने पर दम्पत्ति पुरस्कार के रूप में प्रोत्साहन स्वरूप 11,000 रुपये की धनराशि एकमुश्त दी जाती है। दहेज से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता हेतु विधिक वाद की पैरवी हेतु 2,500 रुपये की एकमुश्त सहायता प्रदान

की जाती है। इसके अतिरिक्त पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिलाओं तथा उनके बच्चों के भरण-पोषण तथा शिक्षा आदि की व्यवस्था हेतु 300 रुपये प्रतिमाह की दर से सहायता दी जाती है।

अल्पसंख्यकों में शिक्षा के प्रति विशेष रुचि पैदा करने, स्कूलों में अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को नामांकन के प्रति जागरूक करने तथा उनमें ड्राप आउट की प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 10 तक अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति दिये जाने की महत्वपूर्ण योजना कार्यान्वित की जा रही है। वर्ष 2010-11 में 36,26,986 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

अल्पसंख्यक वर्ग के निर्धन/गरीब अभिभावकों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अभिभावकों की अधिकतम दो पुत्रियों की शादी हेतु 10,000 रुपये प्रति पुत्री अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। साथ ही अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों को लघु उद्योग एवं व्यवसाय स्थापित किये जाने हेतु **मान्यवर श्री कांशीराम जी शहरी समग्र विकास योजना** के माध्यम से 15 प्रतिशत अनुदान एवं 80 प्रतिशत बैंक ऋण मुहैया कराये जाने की व्यवस्था की गयी है। अल्पसंख्यकों को उच्च शिक्षा हेतु अरबी-फारसी विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है।

मेरी सरकार द्वारा विकलांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विकलांग विद्यार्थियों को बाधा रहित वातावरण में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की स्थापना की गयी, जिसका निर्माण राज्य सरकार द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से किया जा रहा है। वर्ष 2010-11 में विश्वविद्यालय के विशेष शिक्षा संकाय में 6 पाठ्यक्रमों का संचालन किया गया है। गोरखपुर में दृष्टिबाधित बालिकाओं के लिये तथा मेरठ में दृष्टिबाधित बालकों के लिये एक-एक इण्टर कालेज की स्थापना की गई है। साथ ही लखनऊ, मेरठ, गोरखपुर एवं इलाहाबाद में 100-100 कमरों के छात्रावास तथा गोरखपुर एवं लखनऊ में उच्च शिक्षारत् विकलांग छात्राओं के लिये 100-100 कमरों के छात्रावासों की स्थापना की गई है। सरकारी सेवाओं में कार्यरत विकलांगजनों को अनुमन्य वाहन भत्ता को दो गुना कर दिया गया है और भर्ती हेतु 15 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को स्वतः रोजगार में स्थापित करने हेतु स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना में इस वर्ष माह नवम्बर, 2010 तक 2.41 लाख व्यक्तियों को स्वरोजगार में स्थापित किया जा चुका है। **राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना** के अन्तर्गत बी0पी0एल0 परिवारों के लिये अस्पताल में भर्ती से सम्बन्धित स्वास्थ्य सेवाओं और शल्यक्रिया जैसी सेवाओं को प्रति परिवार रुपया 30,000 की सीमा तक निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2010-11 में माह नवम्बर, 2010 तक 50 लाख बी0पी0एल0 परिवारों के बीमा कार्ड बनाये जा चुके हैं तथा 3.09 लाख परिवारों के इलाज पर 176.79 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की गयी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब एवं आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने हेतु इन्दिरा आवास योजना में भारत सरकार से अपेक्षित आवासों के निर्माण हेतु संसाधन उपलब्ध न होने की वजह से राज्य के सीमित संसाधनों से महामाया आवास योजना एवं महामाया सर्वजन आवास योजना

कार्यान्वित की जा रही है। वर्ष 2010-11 में कुल मिलाकर 4.37 लाख आवासों का निर्माण कराया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के निदान हेतु वर्ष 2010-11 में 82 हजार नये हैण्डपम्प तथा 75 हजार पुराने हैण्डपम्पों का रिबोर कराये जाने के साथ ही 604 पाइप पेयजल योजना का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

डा0 अम्बेडकर ग्राम सभा विकास योजना की संरचना एवं स्वरूप में व्यापक परिवर्तन करते हुए ग्राम सभाओं में अवस्थापना एवं जन सुविधा कार्यक्रमों का कार्यान्वयन चरणबद्ध ढंग से किया गया है। वर्ष 2010-11 में 2,249 गांवों को विभिन्न चयनित कार्यक्रमों से संतृप्त करने हेतु लिया गया है।

ग्राम पंचायतों की आबादी में निर्मित खड़न्जा एवं नालियों की सफाई व जल निकासी की समस्या के निदान हेतु सी0सी0 रोड और के0सी0 ड्रेन का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2010-11 में 2,249 डा0 अम्बेडकर ग्रामों में सी0सी0 रोड और के0सी0 ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पूर्वांचल के नक्सल प्रभावित जनपदों के 87 ग्रामों को भी डा0 अम्बेडकर ग्रामों की भांति अब सी0सी0 रोड एवं के0सी0 ड्रेन से संतृप्त करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्वच्छता एवं साफ सफाई की समस्या के निदान हेतु प्रत्येक राजस्व ग्राम में सफाई कर्मचारियों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष 95,650 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है।

भूमिहीन कृषकों को कृषि योग्य भूमि एवं आवासहीन व्यक्तियों को आवास स्थल आवंटन का विशेष अभियान चलाकर चिन्हांकित 99 प्रतिशत भूमि का आवंटन कर दिया गया है। कुछ वर्ष पूर्व विधवाओं को, पुत्रों के समतुल्य अधिकार प्रदान कर सरकार ने लिंग भेद कम करने की दिशा में जो शुरूआती ठोस कदम उठाया था उसे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश अधिनियम, 1950 में निर्धारित उत्तराधिकार के क्रम को संशोधित कर इसे महिलाओं के मालिकाना हक के अनुकूल बनाया है।

प्रदेश की कृषि उत्पादकता में आई गिरावट को ध्यान में रखते हुए उत्पादन में नवीन तकनीकी को ससमय कृषकों को पहुंचाने एवं सामयिक कृषि संसाधन व्यवस्था हेतु गोष्ठियां/विराट मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद स्तर पर मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से वर्ष 2010-11 में "अपनी मिट्टी पहचाने" सघन अभियान के अन्तर्गत 25.50 लाख मृदा नमूनों की जांच की गई तथा जांच के बाद 17.31 लाख संस्तुतियां मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध करायी जा चुकी हैं। किसानों को उत्पादन में वृद्धि हेतु फास्फेटिक उर्वरकों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2010-11 में 6.83 लाख मैट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरकों की प्री-पोजिशिनिंग की गयी, फलस्वरूप रबी में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सकें।

कृषि बीमा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2010-11 में नवम्बर, 2010 तक 38.62 लाख कृषकों को आच्छादित करते हुए लगभग 858 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति उपलब्ध करायी गई। साथ ही तीन जनपदों में मौसम आधारित बीमा योजना प्रारम्भ की गई है जिसमें 9,550 कृषकों को 2.84 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति की गई है।

खलिहान दुर्घटना सहायता योजना में जोत सीमा के आधार पर अधिकतम 15,000 रुपये की धनराशि दी जा रही है। साथ ही **खड़ी फसल अग्निकाण्ड दुर्घटना योजना** के अन्तर्गत एक लाख रुपये से अधिक दुर्घटना सहायता की धनराशि के दावों को निपटाने हेतु जिलाधिकारियों को अधिकृत किया गया है। मण्डियों में घटतौली को रोकने हेतु 60 मण्डियों में इलेक्ट्रानिक तौल मशीन की स्थापना की गई है। साथ ही मण्डियों में कृषक सेवा केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश में कृषि शिक्षा, शोध एवं प्रसार की बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये 03 कृषि विश्वविद्यालय स्थापित है। इसके अतिरिक्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपदों में कृषि के समग्र विकास हेतु जनपद बांदा में **मान्यवर श्री कांशीराम जी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय** की स्थापना की जा रही है, ताकि कृषि समस्याओं के समाधान हेतु शोध कार्यों के साथ ही अधिक पैदावार देने वाली रोग-रोधी किस्मों का विकास हो सके।

दुग्ध व्यवसाय ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अतिरिक्त आय अर्जन का एक लाभप्रद साधन है। प्रदेश में 12,223 सहकारी दुग्ध समितियों के माध्यम से प्रतिदिन 5.77 लाख किलो दूध का उपार्जन कर विक्रय किया जा रहा है। पशुधन विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रमों यथा उन्नत प्रजनन, पशुरोग नियंत्रण, उन्नत पशुपोषण तथा आधुनिक पशुधन प्रबन्धन के माध्यम से पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि के प्रयास किये जा रहे हैं। वर्ष 2010-11 में 810 पैरावेट प्रशिक्षित किये जाने की व्यवस्था की गई है तथा 17 जनपदों में एक करोड़ 6 लाख पशुओं का टीकाकरण एक नियत समय पर किया जाता है। भेड़ तथा बकरी पालन को और अधिक उपयोगी बनाने के लिये नस्ल सुधार पर विशेष बल दिया गया है। कुक्कुट पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को छोटे स्वरोजगार के रूप में बैकयार्ड कुक्कुट योजना कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें समाज के कमजोर वर्गों के कुक्कुट पालकों को 16,666 बैकयार्ड कुक्कुट पालन इकाई की स्थापना कराकर रोजगार सृजन का लक्ष्य है।

प्रदेश में वृक्षाच्छादन बढ़ाने के लिए अवनत वन भूमि, सामुदायिक भूमि, रेल, सड़क व नहर के किनारे खाली पड़ी भूमि शहरी क्षेत्रों के पार्कों में, राजकीय तथा अन्य रोपण योग्य भूमि पर उपयुक्त प्रजातियों का वृक्षारोपण करने का कार्य किया जा रहा है। समाज के निर्बल, निर्धन तथा वंचित वर्गों को वृक्षारोपण आदि कार्यों में मनरेगा के माध्यम से भी नियोजित कर सरकार रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। वृक्षारोपण कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सरकार द्वारा जन चेतना, जन सहयोग तथा सहभागिता पर विशेष बल दिया जा रहा है। वर्ष 2010-11 में 80,526 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 7.49 करोड़ पौधों का रोपण किया गया है।

कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन तथा अनुदान की सुविधा प्रदान कर कठिन एवं गहरे स्ट्रेटा वाले क्षेत्रों में, जहां उथले नलकूप का निर्माण संभव नहीं है, गहरे नलकूप निर्माण की योजना चलायी जा रही है। योजना में लागत का 50 प्रतिशत और अधिकतम 1.00 लाख रुपये का अनुदान देय है। निःशुल्क बोरिंग व पम्पसेट कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य जाति के लघु एवं सीमान्त कृषकों को क्रमशः 5,000 रुपये एवं 7,000 रुपये तथा अनुसूचित जाति के लघु एवं सीमान्त कृषकों को 10,000 रुपये का अनुदान बोरिंग पर देय है। वर्ष 2010-11 में 1,63,815 निःशुल्क बोरिंग का निर्माण होगा। इसके

साथ ही 1,508 गहरी बोरिंग, 7,059 मध्यम गहरी बोरिंग, 37 रिचार्जिंग/चेकडैम, 100 डा0 भीमराव अम्बेडकर नलकूप, 100 डा0 अम्बेडकर सामूहिक नलकूप, 46 ब्लास्टकूप का निर्माण होगा।

प्रदेश में सृजित सिंचन क्षमता का पूर्ण उपयोग किये जाने हेतु नहरों का प्रबन्धन एवं जल बंटवारे में कृषकों की सहभागिता बढ़ाने हेतु कुलाबा स्तर पर कुलाबा समितियों एवं अल्पिकाओं तथा राजबहों पर जल उपभोक्ता समितियों के गठन का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2010-11 में 28,446 कि0मी0 लम्बाई में नहरों की सफाई करायी गई तथा सिजार, पुरार, लखेरी तथा रसिन बांधों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है।

मेरी सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु **मान्यवर श्री काशीराम जी नगर विकास योजना** से निकायों को ब्याज रहित ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। सीवरेज, जलापूर्ति, ड्रेनेज, नगरीय परिवहन, ठोस अपशिष्टों के निस्तारण आदि परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है ताकि नगरीय परिदृश्य में व्यापक सुधार परिलक्षित हो। नदियों को प्रदूषण रहित एवं पर्यावरणीय व्यवस्था के प्रति राज्य सरकार सजग है। इस अनुक्रम में लखनऊ शहर के भरवारा में 345 एम0एल0डी0 क्षमता वाले एशिया के सबसे बड़े सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट को शुरू कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

समग्र नगरीय पुनरोत्थान योजना के अन्तर्गत अर्बन इन्फ्रास्ट्राक्चर प्रोजेक्ट का पी0पी0पी0 मोड़ पर 8 महानगरों में क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत लखनऊ, कानपुर एवं मेरठ में सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, लखनऊ में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एवं स्पोर्ट्स काम्पलेक्स तथा इलाहाबाद, वाराणसी, गाजियाबाद में मल्टी लेवल पार्किंग आदि के कार्य सम्मिलित है। आगरा में पी0पी0पी0 मोड़ पर इनर रिंग रोड के निर्माण हेतु चयनित कन्सेशनायर एवं आगरा विकास प्राधिकरण के मध्य अनुबन्ध निष्पादित हो गया है।

''सबके लिये आवास'' योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2010-11 में 40,000 भवनों/भूखण्डों के लक्ष्य के सापेक्ष दुर्बल आय वर्ग, अल्प आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग तथा उच्च आय वर्गों के लिए 30 नवम्बर, 2010 तक 34,349 भवनों/भूखण्डों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

सरकार द्वारा आवास सेक्टर के अन्तर्गत निजी पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से न्यू टाउनशिप नीति लागू की गयी है, जिसके अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों के बाहर उप नगरों के रूप में टाउनशिप विकसित किये जाने का उद्देश्य है। इस नीति के अन्तर्गत दो टाउनशिप के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रदेश में पूर्व से लागू इन्टीग्रेटेड टाउनशिप नीति के अधीन नये टाउनशिप के विकास हेतु निजी क्षेत्र के 30 विकासकर्ताओं को लाइसेन्स निर्गत किये गये हैं, जिनमें से 10 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ हो गये हैं।

सरकार द्वारा सड़कों, सेतुओं तथा भवनों के निर्माण तथा अनुरक्षण हेतु वर्ष 2010-11 में लगभग 7,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। 2,249 अम्बेडकर ग्रामों को तथा 2,793 अम्बेडकर ग्रामों के समस्त मजरों को सम्पर्क मार्ग से जोड़े जाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही 2,040 कि0मी0 लम्बाई में ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण कार्य की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष तहसील

मुख्यालय को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण की नई योजना प्रारम्भ की गई है। वर्ष 2010-11 में 80 वृहद सेतु निर्माण का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

परिवहन व्यवस्था से जुड़े सभी 73 कार्यालयों का कम्प्यूटराइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है और वाहन साफ्टवेयर संचालित करके वाहनों का पंजीयन, स्वस्थता प्रमाण-पत्र व कराधान सम्बन्धी कार्य सम्पादित किया जा रहा है। यात्रियों हेतु विभिन्न सुविधाओं के विकास के साथ बस संचालन में व्यापक परिवर्तन करते हुये राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा विभिन्न प्रकार की सेवायें संचालित की जा रही हैं।

विद्युत उत्पादन में प्रदेश को स्वावलम्बी बनाये जाने हेतु निजी क्षेत्र में 6 तापीय परियोजनाओं के साथ ही एम0ओ0यू0 रूट के माध्यम से 9 तापीय परियोजनायें स्थापित की जायेंगी। इसके साथ ही एन0टी0पी0सी0 तथा टी0एच0डी0सी0 के साथ तापीय परियोजनाओं के लिये समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किये गये हैं। विद्युत उत्पादन के साथ ही विद्युत निकासी हेतु पारेषण क्षमता का सृजन और विस्तार के कार्य लिये गये हैं, जिनमें विद्युत लाईनों के निर्माण और उपकेन्द्रों की स्थापना तथा उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि सम्मिलित है। लाईन हानियों को कम करने के लिये सरकार कृत संकल्प है। विद्युत वितरण व्यवस्था के संचालन हेतु पी0पी0पी0 की योजना के अन्तर्गत इनपुट-बेस्ड अरबन फ्रैन्चाईजी की नियुक्ति की जा रही है। इसके लिये ऐसे शहरों को चयनित किया गया है, जहां ए0टी0 एण्ड सी0 हानियां अत्यधिक हैं। प्रथम चरण में आगरा तथा कानपुर शहर को लिया गया है।

प्रदेश में निवेश प्रोत्साहित करने हेतु सरकार ने विकासयुक्त वातावरण सृजित करने के लिए अवस्थापना को अपनी मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल किया है और अवस्थापना परियोजनाओं के क्रियान्वयन में निजी क्षेत्र को भागीदार बनाकर सरकार ने विश्व स्तरीय एक्सप्रेस-वे के निर्माण का संकल्प लिया है। निजी क्षेत्र के पूंजी निवेश हेतु कई नीतियां चिन्हित की गई हैं, जिनमें से एक्सप्रेस-वे, ऊर्जा, उत्कृष्ट शिक्षा, कौशल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवहन सेवायें, नगरीय अवस्थापना, नई टाउनशिप का विकास, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, पर्यटन अवस्थापना इत्यादि प्रमुख है।

निजी क्षेत्र के सहयोग से गंगा एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस-वे, अपर गंगा कैनाल एक्सप्रेस-वे के साथ ही बारा एवं करछना में तापीय विद्युत परियोजनायें, 9 शहरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, 8 पालीटेक्निक, 6 आई0टी0आई0 की स्थापना एवं आगरा में इनर रिंग रोड के निर्माण का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश में उद्यमियों को एक छत के नीचे स्वीकृतियां एवं अनापत्तियां प्रदान करने की एकल मेज व्यवस्था के फलस्वरूप 22,692 उद्यमों की स्थापना हो चुकी है, जिसमें 2,065 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश हुआ तथा 1,19,317 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध हुआ।

राज्य में ई-गवर्नेन्स योजना के अन्तर्गत समाज के निर्बल वर्गों को उनके निवास के समीप ही विभिन्न शासकीय सेवाएं प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिससे उन्हें जिला एवं तहसील स्तर पर विभिन्न शासकीय कार्यालयों में भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये जा रहे कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 25 से 30 हजार शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

समाज के सर्वांगीण विकास हेतु प्रारम्भिक शिक्षा की व्यवस्था हेतु सरकार कृत संकल्प है। वर्ष 2010-11 में असेवित बस्तियों में मानक के अनुसार 1,122 उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित किये गये। साथ ही कक्षा 1-8 में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गयीं। कक्षा 1-2 के बच्चों को अभ्यास कार्य हेतु निःशुल्क कार्य पुस्तिकाएं दी गयी हैं। इसके अतिरिक्त शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े विकास खण्डों के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों की बालिकाओं को यूनीफार्म तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की बालिकाओं को स्कूल बैग वितरित किये गये हैं।

मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2010-11 में प्राथमिक विद्यालयों में 65,625 किचेन शेड एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 18,124 किचेन शेड स्थापित किये गये। साक्षर भारत मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के 66 जनपदों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु की निरक्षर महिलाओं को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करते हुए स्वावलम्बी एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने का लक्ष्य है।

वर्ष 2010-11 में प्रदेश के 1,500 विद्यालयों में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी योजना लागू की गई, जिसमें निःशुल्क कम्प्यूटर सहायतित शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रत्येक विद्यालय में 10-10 कम्प्यूटर व उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं। व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए दक्षता विकास मिशन का गठन किया गया है, जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु 1,615 वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर पंजीकृत किये गये हैं एवं 1,71,601 युवक/युवतियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

सरकार नागरिकों को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के लिये कृत संकल्प है। प्रदेश के बी0पी0एल0 कार्ड धारकों तथा बी0पी0एल0 कार्ड न होने की स्थिति में जिलाधिकारियों के प्रमाण-पत्र पर 24,000 रुपये तक वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को गुर्दा एवं मूत्र रोग, हृदय रोग, कैंसर, अस्थि रोग, थैलेसीमिया आदि गम्भीर रोगों से ग्रसित होने की स्थिति में उपचार के लिये सरकार द्वारा निःशुल्क सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही हैं।

चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिये वर्ष 2010-11 में 2,160 पुरुष चिकित्साधिकारियों एवं 147 महिला चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति की गयी है तथा रिक्त पदों को तत्परतापूर्वक भरने की कार्यवाही की जा रही है। अभियान चलाकर संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण हेतु टीकाकरण के साथ ही प्रत्येक जनपद में नियंत्रक कक्ष बनाये गये हैं।

सरकार द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसंख्या नीति के क्रियान्वयन में सभी विभागों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों, निजी एवं गैर शासकीय संगठन, नागरिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इमरजेन्सी एम्बुलेन्स व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में अस्वस्थ लोगों को चिकित्सीय सुविधा हेतु अस्पताल द्वारा निःशुल्क परिवहन सुविधा दिये जाने की योजना अपनायी गई है। संस्थागत प्रसवों को बढ़ावा देते हुए मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए जननी सुरक्षा योजना संचालित की जा रही है, जिसमें संस्थागत प्रसव पर शहरी क्षेत्रों में 1,000 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1400 रुपये की धनराशि लाभार्थी को देने की व्यवस्था की गई है।

प्रदेश में नकली, अधोमानक एवं मिथ्याछाप औषधियों के निर्माण एवं विक्रय तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने तथा प्रदेश के नागरिकों को गुणवत्ता एवं उत्कृष्ट मानक के अनुरूप खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का गठन किया गया है। इस वर्ष 786 मिलावटखोरों को कारागार में निरुद्ध कराया गया, 15,819 नमूने संग्रहीत किये गये, जिनमें से 3,855 नमूने अपमिश्रित पाये गये। दोषी व्यक्तियों को दण्डित कराने हेतु वाद दायर किये गये हैं।

मेरी सरकार देश में खाद्य सामग्री की कीमतों में हो रही बेतहाशा बढ़ोत्तरी से चिन्तित है क्योंकि इससे प्रदेश की आम जनता भी प्रभावित हुई है। बढ़ती हुई कीमतों को नियंत्रित करने एवं जमाखोरों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए सरकार अपने अधिकारों के तहत सभी जरूरी कदम उठा रही है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को आवश्यक खाद्य सामग्री की कीमतों पर नजर रखने तथा जमाखोरों और कालाबाजारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

सर्वजन समाज के हितार्थ लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गुणात्मक सुधार के लिये प्रभावी प्रवर्तन कार्य करते हुए अप्रैल, 2010 से अक्टूबर, 2010 के मध्य 23,479 छापे डाले गये, 887 मामलों में एफ0आई0आर0 दर्ज कराई गयी, 372 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये तथा 2,981 लाइसेन्स निलम्बित एवं 1,772 लाइसेन्स निरस्त किये गये। इस अवधि में लगभग 972.40 लाख रुपये मूल्य की आवश्यक वस्तुएं जब्त हुईं तथा 157.51 लाख रुपये प्रतिभूति की राशि शासन के पक्ष में जब्त की गयी।

प्रदेश में सभी उचित दर की दुकानों पर बी0पी0एल0/अन्त्योदय लाभार्थियों की सूची प्रदर्शित करायी जा रही है। उचित दर की दुकानों में खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से माह दिसम्बर, 2010 से पायलट बेसिस पर प्रदेश के दो विकास खण्डों (चिनहट, लखनऊ एवं मसौली, बाराबंकी) में लागू की गयी है। नक्सल प्रभावित जनपद-मिर्जापुर, सोनभद्र एवं चन्दौली में यह व्यवस्था प्रारम्भ करा दी गयी है।

''मूल्य नियंत्रण योजना'' के अन्तर्गत रियायती मूल्य पर खाद्य पदार्थ जनसामान्य को उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के सचल वाहन एवं डिपो द्वारा बाजार दर से अपेक्षाकृत 10 से 30 प्रतिशत सस्ती दर पर सामान बिक्री कराया जा रहा है।

प्रदेश में **अन्यायमुक्त, अपराधमुक्त, भयमुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त तथा विकासयुक्त वातावरण** के सृजन से समाज में **कानून द्वारा कानून का राज** स्थापित किया गया है। मेरी सरकार के गठन के बाद से प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं अपराध की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विभिन्न आपराधिक तत्वों एवं माफिया तत्वों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की गई है तथा अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है, चाहे वे कितने भी प्रभावशाली व पहुंच वाले ही क्यों न हों।

अयोध्या प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय से उत्पन्न होने वाली सम्भावित परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा अपेक्षित सुरक्षा बल उपलब्ध न कराये जाने के बावजूद मेरी सरकार द्वारा उपलब्ध सुरक्षा बलों के आधार पर प्रदेश में व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध किये गये। इसके

फलस्वरूप मा0 न्यायालय के निर्णय के उपरान्त राज्य में कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई तथा प्रदेश में शान्ति व्यवस्था बनी रही। इसका सकारात्मक परिणाम यह निकला कि पूरे देश में भी अमन-चैन कायम रहा।

वाराणसी के शीतला घाट पर दिनांक 7 दिसम्बर, 2010 को हुए बम विस्फोट की घटना पर तत्काल माननीया मुख्य मंत्री जी द्वारा घटना स्थल का दौरा किया गया तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए घायलों को चिकित्सा उपलब्ध करायी गई। त्वरित सहायता प्रदान करते हुए गम्भीर रूप से घायलों को पचास हजार रुपया, साधारण रूप से घायलों को पच्चीस हजार रुपया तथा मृतक के आश्रितों को एक लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई। सरकार द्वारा उक्त घटना के पश्चात प्रदेश में व्यापक सुरक्षात्मक कदम उठाये जाने के परिणामस्वरूप कोई प्रतिक्रियात्मक घटना घटित न होने पायी।

प्रदेश में पूरी तरह से साम्प्रदायिक सौहार्द का माहौल बना हुआ है। किसी भी प्रकार का कोई बड़ा जातिगत अथवा क्षेत्रगत तनाव या माओवादी अथवा आतंकवादी घटनायें घटित नहीं हुई हैं। प्रदेश में अपराधों का घटता ग्राफ चुस्त-दुरुस्त कानून-व्यवस्था की स्वतः पुष्टि करते हैं।

मेरी सरकार नक्सलवाद की समस्या को केवल कानून-व्यवस्था के नजरिये से ही नहीं देखती, बल्कि इसके सामाजिक व आर्थिक पहलुओं की ओर भी पूरा ध्यान दे रही है। इस समस्या के निदान हेतु समन्वित कार्यवाही करने की रणनीति अपनायी गई है, जिसके बेहतर नतीजे मिल रहे हैं। सरकार ने नक्सल प्रभावित इलाकों में उग्रवाद का जवाब विकास से दिया है।

नेपाल की सीमायें खुली होने के कारण माओवादियों, राष्ट्र विरोधी तत्वों व आपराधिक तत्वों की अवैध घुसपैठ की सम्भावना बनी रहती है। घुसपैठ पर नियंत्रण हेतु पुलिस महानिदेशक के तत्वावधान में एक राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। आतंकवादी हमलों से निपटने के लिये कमाण्डो बल भी तैयार किया जा रहा है। इसके लिये अनौरा, लखनऊ में एक कमाण्डो ट्रेनिंग स्कूल बनाया जा रहा है। प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

विगत वर्ष 35,000 पुलिस आरक्षी के पदों पर कराये गये चयन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देकर शीघ्र ही पुलिस बल में सम्मिलित कर लिया जायेगा, जिससे कानून एवं व्यवस्था की स्थिति में प्रभावी नियंत्रण में सहायता मिलेगी। प्रदेश में स्थित स्मारकों तथा पार्कों की सुरक्षा हेतु अभी तक कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण इन्हें आतंकवादियों व अन्य असामाजिक तत्वों द्वारा निशाना बनाया जा सकता था। अतः पार्कों व स्मारकों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रदेश में कार्यरत होमगार्ड्स में से उपयुक्त होमगार्ड्स का चयन कर विशेष सुरक्षा वाहिनी का गठन किया गया है।

कारागारों में बन्दी क्षमता से अधिक बंदी निरुद्ध होने के कारण प्रदेश के कारागार विहीन जनपदों में जिला कारागारों का निर्माण भी किया जा रहा है। साथ ही निरुद्ध बन्दियों को स्वावलम्बी एवं कार्यकुशल बनाने के उद्देश्य से केन्द्रीय कारागारों में कारागार उद्योगों की स्थापना की गई है।

वेतन समिति द्वारा वर्ष 2008 में तथा गत वर्ष की अवधि में विभिन्न प्रतिवेदनों के माध्यम से अपनी संस्तुतियां प्रस्तुत की गई। वेतन समिति द्वारा प्रस्तुत की गई संस्तुतियों को लागू करने में यद्यपि राज्य सरकार पर काफी अधिक व्ययभार निहित था, तथापि मेरी सरकार द्वारा कर्मचारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को देखते हुए उनके हितों को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त संस्तुतियों को लागू करने का निर्णय लिया गया। समिति की संस्तुतियों पर राज्य कर्मचारियोंा सहित विभिन्न वर्गों के कर्मियों के लिये सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन वेतनमान 10, 18 तथा 26 वर्ष की सेवा के आधार पर स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों के कर्मियों, स्थानीय निकाय, जिला पंचायत, जल संस्थान एवं विकास प्राधिकरणों के कर्मियों को 01 जनवरी, 2006 से सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना लागू करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वेतनमान उच्चीकृत करते हुए उन्हें ग्रेड वेतन रु0 1800/- अनुमन्य कराया गया। इसके अतिरिक्त राजकीय विभागों, नगर निकायों, विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद् तथा सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों आदि में दिनांक 29 जून, 1991 तक नियुक्त/कार्यरत वर्कचार्ज एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिये यथावश्यक अधिसंख्य पद भी सृजित किये जाने की व्यवस्था की गई है, जिसमें लगभग 35 हजार कर्मचारी लाभान्वित हुए।

व्यापारियों को आन लाइन फार्म-38 व ट्रांजिट पास प्राप्त करने की सुविधा दी गई है। साथ ही इन्हें वर्ष के प्रारम्भ में स्टेट बैंक आफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ई-पेमेंट की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी और अब इलाहाबाद बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया भी ई-पेमेंट की सुविधा देने लगे हैं। माह नवम्बर, 2010 में 37.60 प्रतिशत राजस्व ई-पेमेंट से प्राप्त हुआ है। पंजीयन प्रकोष्ठ से 24 घण्टे के अन्दर नये व्यापारी को पंजीकरण प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गई है। वर्ष 2010-11 में माह नवम्बर, 2010 तक 49,022 नये पंजीयन दिये गये हैं। इस प्रकार कुल पंजीकृत व्यापारियों की संख्या 5,93,708 हो गई है।

सरकार स्टाम्प एवं पंजीयन कार्य को उत्तरोत्तर पारदर्शी, आधुनिक और सरल बनाने हेतु कटिबद्ध है। प्रदेश के 106 सदर निबन्धक कार्यालयों में पंजीयन का कार्य कम्प्यूटर पर किया जा रहा है। लखनऊ तथा मेरठ मण्डलों के 43 तहसील स्तरीय उप निबंधक कार्यालयों में पंजीयन का कार्य कम्प्यूटरीकृत किये जाने की व्यवस्था गतिमान है। इस प्रकार पक्षकारों के मध्य होने वाले संव्यवहारों/ निष्पादित विभिन्न प्रकार के लेखपत्रों का पंजीकरण एवं उन्हें चिरकाल तक सुरक्षित रखा जा सकेगा।

प्रदेश में निजी क्षेत्र को पर्यटन सेक्टर में पूंजी निवेश हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनपद कुशीनगर में पूर्व से स्थापित हवाई पट्टी को विस्तारीकृत कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के एक हवाई अड्डे के निर्माण की योजना तैयार की गई है। इस हवाई अड्डे के निर्माण से पर्यटकों को उपलब्ध होने वाली सुविधा के साथ ही क्षेत्र के विकास में सहायता मिलेगी।

भारत की जनगणना-2011 का कार्य उत्तर प्रदेश राज्य में 01 जनवरी, 2010 से प्रारम्भ हो चुका है। प्रथम चरण का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है। द्वितीय चरण का कार्य 09 फरवरी, 2011 से प्रारम्भ होगा।

सचिवालय परिसर में वाहनों को खड़ा करने की समस्या के निदान हेतु परिसर में भूमिगत बहुमंजलीय पार्किंग का निर्माण कराया गया है। उत्तर प्रदेश सचिवालय के कर्मचारियों/भूतपूर्व कर्मचारियों और उनके आश्रितों को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के अंतरंग चिकित्सीय सुविधा हेतु रिवाल्विंग फण्ड की व्यवस्था की गई है। सूचना क्रान्ति के युग में प्रासंगिक समानता रखने हेतु उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी से विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों को सी0यू0जी0 की सुविधा प्रदान की गई है। इसके साथ ही सचिवालय में स्मार्ट कार्ड योजना लागू की गई है। इसके माध्यम से कर्मियों की उपस्थिति दर्ज होगी।

मा0 सदस्यगण, विधान मण्डल की इस बैठक में आपके सामने वित्तीय वर्ष 2011-12 का आय-व्ययक प्रस्तुत किया जायेगा तथा प्रदेश की कुछ ज्वलन्त समस्याओं पर विचार करेंगे। परम्परागत रूप से सरकार द्वारा प्रस्तुत कुछ आवश्यक विधेयकों पर चर्चा करके उन्हें पारित किया जायेगा। गैर सरकारी माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्तावों व लोक महत्व के विषयों पर चर्चा होगी।

माननीय सदस्यगण, मुझे विश्वास है कि प्रदेश की आम जनता के हित में आप सभी माननीय सदस्यगण मेरी सरकार का सहयोग कर सभी जनहित के प्रश्नों का, दलीय निष्ठाओं से ऊपर उठकर समाधान निकालेंगे और मेरी सरकार द्वारा इस देश के महानतम राज्य उत्तर प्रदेश को आदर्श प्रदेश बनाने के भगीरथ प्रयास में अपनी-अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे। आज मेरी सरकार ने निरन्तर जनकल्याण के क्षेत्र में समर्पित सेवाभाव और सुविचारित नीतियों से उत्तर प्रदेश को एक ऐसी मंजिल पर पहुंचा दिया है, जहां से विकास और खुशहाली के तमाम रास्ते प्रशस्त होते हैं।

मैं आशा करता हूं कि प्रदेश को समग्र रूप से विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में मेरी सरकार द्वारा किये जा रहे ठोस प्रयासों को साकार करने के लिये विधान मण्डल के मा0 सदस्यों का भरपूर सहयोग मिलेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप सबके स्वस्थ और सफल जीवन की मंगल कामना करते हुए आप सभी को धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे अपने बीच आने और मेरी सरकार के कार्यकलाप प्रस्तुत करने का अवसर दिया ।

जयहिन्द ।]

उत्तर प्रदेश शैक्षणिक संस्थाओं में रैगिंग का प्रतिषेध (संशोधन) अध्यादेश, 2010 †

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश शैक्षणिक संस्थाओं में रैगिंग का प्रतिषेध (संशोधन) अध्यादेश, 2010 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश, 2010 †

नगर विकास, पर्यावरण, शहरी समग्र विकास, कर एवं निबंधन तथा मनोरंजन कर मंत्री (श्री नकुल दुबे)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश, 2010 को सदन के पटल पर रखता हूं।

† छापा नहीं गया।

उत्तर प्रदेश जनहित गारन्टी अध्यादेश, 2011 †

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश जनहित गारन्टी अध्यादेश, 2011 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की वित्तीय वर्ष 2006-07, 2007-08 एवं 2008-09 की वार्षिक रिपोर्ट ††

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की वित्तीय वर्ष 2006-07, 2007-08 एवं 2008-09 की वार्षिक रिपोर्ट को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 की उपधारा (2) के अधीन बिलम्ब के कारणों सहित सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की वित्तीय वर्ष 2009-10 की वार्षिक रिपोर्ट ††

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की वित्तीय वर्ष 2009-10 की वार्षिक रिपोर्ट को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-105 की उपधारा (2) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

सतर्कता अनुभाग-4 की अधिसूचना संख्या-2339/39-4-2010-21-05,

दिनांक 22 सितम्बर, 2010 ††

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से सतर्कता अनुभाग-4 की अधिसूचना संख्या-2339/ 39-4-2010-21-05, दिनांक 22 सितम्बर, 2010 को सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-24 की उपधारा (5) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

लोकायुक्त उत्तर प्रदेश के विशेष प्रतिवेदन संख्या-17/2009, परिवाद संख्या-148/ 2009 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) †

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से लोकायुक्त उत्तर प्रदेश के विशेष प्रतिवेदन संख्या-17/2009, परिवाद संख्या-148/ 2009 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) को उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त एवं उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 की धारा-12(7) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

---

†† छापी नहीं गया।

† छापा नहीं गया।

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वित्त लेखे खण्ड-1 एवं खण्ड-2 वर्ष 2009-10 तथा विनियोग लेखे वर्ष 2009-10 †

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वित्त लेखे खण्ड-1 एवं खण्ड-2 वर्ष 2009-10 तथा विनियोग लेखे वर्ष 2009-10 को उत्तर प्रदेश सरकार को संविधान के अनुच्छेद-151(2) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का राज्य के वित्त पर प्रतिवेदन 31 मार्च, 2009†

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का राज्य के वित्त पर प्रतिवेदन 31 मार्च, 2009 को समाप्त हुए वर्ष के लिये उत्तर प्रदेश सरकार को संविधान के अनुच्छेद 151(2) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

वन अनुभाग-5 की अधिसूचना संख्या-1835/14-5-2010-109-1993, दिनांक 26 नवम्बर, 2010††

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से वन अनुभाग-5 की अधिसूचना संख्या-1835/14-5-2010-109-1993, दिनांक 26 नवम्बर, 2010 को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा-78(2) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :-

उत्तर प्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण विधेयक, 2010 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2010 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 13 अगस्त, 2010 को वापस प्राप्त हो गया।

मोनार्ड विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :-

मोनार्ड विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2010 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 13 अगस्त, 2010 को वापस प्राप्त हो गया।

---

† छापा नहीं गया।

†† छापी नहीं गयी।

आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :-

आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2010 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 13 अगस्त, 2010 को वापस प्राप्त हो गया।

बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :-

बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2010 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 13 अगस्त, 2010 को वापस प्राप्त हो गया।

श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :-

श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2010 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 13 अगस्त, 2010 को वापस प्राप्त हो गया।

नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :-

नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2010 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 13 अगस्त, 2010 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (2010-2011 का अनुपूरक) विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :-

उत्तर प्रदेश विनियोग (2010-2011 का अनुपूरक) विधेयक, 2010 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 11 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष

द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 12 अगस्त, 2010 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 अगस्त, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का अट्ठारहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :-

उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2010 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 10 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 11 अगस्त, 2010 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 19 अगस्त, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :-

उत्तर प्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण विधेयक, 2010 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 12 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 13 अगस्त, 2010 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 23 अगस्त, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का बीसवां अधिनियम बन गया।

जी0एल0ए0 विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2009

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :-

जी0एल0ए0 विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2009 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 07 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 10 अगस्त, 2010 की बैठक में पारित किया था, और जो "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत श्री राज्यपाल से इस सचिवालय को पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 10 अगस्त, 2010 के उपवेशन में उसी रूप में पुनः पारित किया था, जिस रूप में वह इस सदन द्वारा दिनांक 07 अगस्त, 2009 को मूलतः पारित किया गया था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 11 अगस्त, 2010 की बैठक में बिना किसी संशोधन के पुनः पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 31 अगस्त, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का इक्कीसवां अधिनियम बन गया।

इन्वर्टिस विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2009

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :-

इन्वर्टिस विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2009, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 07 अगस्त, 2009 के उपवेशन में पारित किया गया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 10 अगस्त, 2009 की बैठक में पारित किया था, और जो ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत श्री राज्यपाल से इस सचिवालय को पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 10 अगस्त, 2010 के उपवेशन में उसी रूप में पुनः पारित किया था, जिस रूप में वह इस सदन द्वारा दिनांक 07 अगस्त, 2009 को मूलतः पारित किया गया था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 11 अगस्त, 2010 की बैठक में बिना किसी संशोधन के पुनः पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 31 अगस्त, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का बाइसवां अधिनियम बन गया।

मोनार्ड विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं घोषित करता हूं कि :-

मोनार्ड विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 12 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 13 अगस्त, 2010 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 09 अक्टूबर, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का तेइसवां अधिनियम बन गया।

आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं घोषित करता हूं कि :-

आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 12 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 13 अगस्त, 2010 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 09 अक्टूबर, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का चौबीसवां अधिनियम बन गया।

बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं घोषित करता हूं कि :-

बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 12 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 13 अगस्त, 2010 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति

दिनांक 09 अक्टूबर, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का पच्चीसवां अधिनियम बन गया।

श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं घोषित करता हूं कि :-

श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 12 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 13 अगस्त, 2010 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 09 अक्टूबर, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का छब्बीसवां अधिनियम बन गया।

नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं घोषित करता हूं कि :-

नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश विधेयक, 2010, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 12 अगस्त, 2010 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 13 अगस्त, 2010 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 09 अक्टूबर, 2010 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2010 का उत्तर प्रदेश का सत्ताइसवां अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-15 व 16 में कुछ नहीं है।

कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 03 फरवरी, 2011 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 04 फरवरी, 2011 से 01 मार्च, 2011 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :-

फरवरी, 2011

04 शुक्रवार **1-11.00 बजे पूर्वाह्न**

राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष श्री राज्यपाल का अभिभाषण।

2-12.30 बजे अपराह्न

(1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़ कर सुनाया जाना।

(2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हो।

05 शनिवार
06 रविवार } बैठक नहीं होगी।

फरवरी, 2011

07 सोमवार	निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनायें।
08 मंगलवार	**1-11.00 बजे पूर्वाह्न** वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक का प्रस्तुतिकरण। 2-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
09 बुधवार 10 गुरुवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
11 शुक्रवार	1-असरकारी दिवस (आधा दिन) 2-विधायी कार्य (आधा दिन)
12 शनिवार 13 रविवार	बैठक नहीं होगी।
14 सोमवार 15 मंगलवार	वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।
16 बुधवार	(ईद-ए-मिलाद का अवकाश) बैठक नहीं होगी।
17 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।
18 शुक्रवार	1-वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा। 2-असरकारी दिवस।
19 शनिवार 20 रविवार	बैठक नहीं होगी।
21 सोमवार	1-वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान। 2-विधायी कार्य।
22 मंगलवार 23 बुधवार 24 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।
25 शुक्रवार	1-वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान। 2-असरकारी दिवस।

<u>फरवरी, 2011</u>

26 शनिवार
27 रविवार } बैठक नहीं होगी।

28 सोमवार 1-वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।
2-विधायी कार्य।

<u>मार्च, 2011</u>

01 मंगलवार 1-वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।
2-उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2011 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, एक अनुरोध मेरा है और बड़े संकोचवश यह बात मैं कह रहा हूं कि जो कुछ वहां पास हुआ था, और आपकी इच्छा से पास हुआ था, केवल उतना हिस्सा तो आ जाना चाहिये था और आपने स्वयं कहा था और आपने स्वयं इच्छा प्रकट की थी, हमने तो विरोध किया था इसका भी लेकिन बाद में आपने जब इच्छा व्यक्त की थी, कि आज तक का कर दीजिये तो हम मान गये थे। आज तक का ही प्रस्ताव इसमें आना चाहिये आगे का प्रस्ताव नहीं आना चाहिये। मैं खेद इसलिये व्यक्त कर रहा हूं मान्यवर, कि कार्य-मंत्रणा समिति की कार्यवाही को आधार मानकर यह हमको कहना नहीं चाहिए लेकिन अगर ऐसी कोई बात सामने आये और इस बात को मैं आपके सामने न रखूं तो मैं यह सोचता हूं कि यह मेरी जिम्मेदारी का अभाव होगा। इसलिये मैंने आपके सामने बात रखी कि जितना वहां पर अनुमोदित हुआ था इतना ही भाग आना चाहिये था।

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, वहां तो यही तय हुआ था कि ऐज इट इज अभी लिया जाए और बाकी जो बातें हुई वह सबको मालूम है।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है।

श्री लालजी वर्मा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश से जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गई है, सहमत है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव जो मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किया है, से यह सदन सहमत है।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-18 में कुछ नहीं है।

भारतीय भागीदारी (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2011†

संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री (श्री लालजी वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से भारतीय भागीदारी (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि भारतीय भागीदारी (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाए।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री लालजी वर्मा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से भारतीय भागीदारी (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करता हूं।

उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2011†

नगर विकास, पर्यावरण, शहरी समग्र विकास कर एवं निबंधन तथा मनोरंजन कर मंत्री (श्री नकुल दुबे)-

माननीय अध्यक्ष जी मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री नकुल दुबे-

मा0 अध्यक्ष जी मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करता हूं।

---

† दिनांक 08-3-2011 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

श्री अध्यक्ष-

अब हम उठते हैं, पुनः 7 तारीख को 11.00 बजे मिलेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन अपराह्न 01 बजकर 06 मिनट पर सोमवार दिनांक 07 फरवरी, 2011 को दिन के 11.00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

प्रदीप कुमार दुबे,

लखनऊ : प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

दिनांक 04 फरवरी, 2011

पी0एस0यू0पी0-एल0 257 विधान सभा (486)-24-3-2011-813 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।